भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2471
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना में तीर्थ स्थलों को शामिल करना**

**2471. श्री राजकुमार रोत:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में "तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रसाद) के अंतर्गत तीर्थस्थलों की संख्या और उनमें प्रयुक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत किसी तीर्थस्थल/धार्मिक स्थल के चयन हेतु मानदंडों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रसाद योजना के अंतर्गत बांसवाड़ा लोक सभा क्षेत्र के डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में किए गए कार्यों और प्रयुक्त धनराशि का कार्य-वार और ब्लॉक-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का इस योजना के अंतर्गत बेणेश्वर धाम, मानगढ़ धाम, घोटिया आम्बा, गोविंद गुरु जन्मस्थान बसिया धाम, भेड़ मताई, मांडविया हनुमान और गोतमेश्वर बाबा सहित आदिवासी संतों के समागमों को शामिल करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो इसके लिए समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) के तहत देश भर में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): प्रशाद योजना के तहत तीर्थस्थलों/विरासत स्थलों का चयन विभिन्न मानदंडों पर आधारित है, जिनमें अन्य बातों के साथ ही, तीर्थयात्रियों की संख्या, स्थलों का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विरासत संबंधी महत्व, राष्ट्रव्यापी विकास सुनिश्चित करने के लिए समान प्रतिनिधित्व और अन्य कारक शामिल हैं। यह प्रक्रिया राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने प्रशाद योजना के तहत बांसवाड़ा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है।

(घ) और (ङ): पर्यटन मंत्रालय में प्रशाद योजना के तहत जनजातीय संत समागम सहित बेणेश्वर धाम, मानगढ़ धाम, घोटिया आम्बा, गोविंद गुरु जन्मस्थली बसिया धाम, भेड़ मताई, मांडविया हनुमान और गोतमेश्वर बाबा को शामिल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है एवं निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधि की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री राजकुमार रोत द्वारा प्रसाद योजना में तीर्थ स्थलों को शामिल करने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2471 के भाग (क) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) | जारी राशि (करोड़ रु. में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गुंटूर जिले के अमरावती टाउन का पर्यटन स्थल के रूप में विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम मंदिर में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम | 2022-23 | 54.04 | 27.37 | 13.68 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | अन्नावरम मंदिर टाउन में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - | - |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | परशुराम कुंड, जिला लोहित का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 | 21.95 |
| 6. | असम | गुवाहाटी में और इसके आस-पास कामाख्या मंदिर और तीर्थस्थल स्थलों का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 29.80 |
| 7. | बिहार | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 29.62 |
| 8. | बिहार | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 3.63 |
| 9. | बिहार | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | 2024-25 | 13.29 | - | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | छत्तीसगढ़ | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 | 31.94 |
| 11. | गोवा | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 4.68 | 0 |
| 12. | गुजरात | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | 10.46 |
| 13. | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 45.36 |
| 14. | गुजरात | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 47.12 |
| 15. | गुजरात | अंबाजी मंदिर, बनासकांठा, गुजरात में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 30.00 | 19.16 |
| 16. | हरियाणा | पंचकूला जिले में माता मनसा देवी मंदिर एवं नाडा साहब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | 34.68 |
| 17. | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर के हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 34.30 |
| 18. | झारखंड | बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | 31.23 |
| 19. | कर्नाटक | चामुंडेश्वरी देवी मंदिर, मैसूरू में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.38 | - | - |
| 20. | कर्नाटक | रेणुका यल्लमा देवी मंदिर का विकास | 2024-25 | 18.37 | - | - |
| 21. | कर्नाटक | पापनाश मंदिर, बीदर जिले में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 22.25 | - | - |
| 22. | केरल | गुरुवयूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 45.18 |
| 23. | मध्य प्रदेश | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 42.47 | 34.63 |
| 24. | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 43.93 |
| 25. | महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास | 2017-18 | 45.41 | 38.44 | 38.43 |
| 26. | मेघालय | मेघालय में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 | 27.78 |
| 27. | मिजोरम | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए | 2022-23 | 44.89 | 26.37 | 13.18 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अवसंरचना का विकास | | | | |
| 28. | मिजोरम | चंफाई जिले के वांगछिया में प्रशाद योजना के तहत बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 5.47 | - | - |
| 29. | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 23.56 | 23.56 |
| 30. | नागालैंड | ज़ुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 | 15.45 |
| 31. | ओडिशा | मेगा परिपथ के तहत देमुली में पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामाचंडी - प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | - |
| 32. | पुदुचेरी | धरबारण्येश्वर मंदिर के लिए तीर्थयात्रा सुविधाओं और पर्यटक आकर्षणों का विकास | 2024-25 | 25.94 | - | - |
| 33. | पंजाब | करुणासागर वाल्मीकि अमृतसर में स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 6.40 |
| 34. | पंजाब | पंजाब के रूपर में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 30.52 | 21.93 | 21.93 |
| 35. | राजस्थान | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 26.11 |
| 36. | सिक्किम | युक्सोम के चार संरक्षक संतों में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 28.31 |
| 37. | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| 38. | तमिलनाडु | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 4.86 |
| 39. | तमिलनाडु | नवग्रह मंदिरों का विकास | 2024-25 | 40.94 | - | - |
| 40. | तेलंगाना | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | 33.07 |
| 41. | तेलंगाना | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन की अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 | 12.65 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42. | तेलंगाना | भद्राचलम, भद्राद्री कोठागुडेम जिला में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | 7.85 |
| 43. | तेलंगाना | देवी रेणुकायल्ल्मा देवस्थानम में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 | - | - |
| 44. | त्रिपुरा | उदयपुर के त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 | 25.63 |
| 45. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास-चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 18.73 |
| 46. | उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथूरा-वृंदावन का विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 10.98 |
| 47. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी में गंगा नदी पर क्रूज पर्यटन | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 9.02 |
| 48. | उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 9.36 |
| 49. | उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास-चरण-II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 31.77 |
| 50. | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में बुनियादी सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 30.73 |
| 51. | उत्तराखंड | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 34.77 |
| 52. | उत्तराखंड | बद्रीनाथजी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | 38.37 |
| 53. | उत्तराखंड | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम और तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का संवर्धन | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | 10.22 |
| 54. | पश्चिम बंगाल | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 23.39 |
| | | | | **1726.74** | **1168.65** | **1064.06** |

*****